# खास-खबरें

## सेफ क्लिक 2.0 मैराथन से साइबर सुरक्षा का संदेश अनजान लिंक और ओटीपी साझा न करने की अपील



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, बड़वाहः** मध्यप्रदेश पुलिस के 'सेफ क्लिक 2.0' साइबर जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को बड़वाह पुलिस ने साइबर सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मैराथन का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करना था। मैराथन का आयोजन एसडीओपी अर्चना रावत और थाना प्रभारी बलराम राठौड़ के नेतृत्व में किया गया। दौड़ की शुरुआत जयंती माता रोड स्थित वन विभाग नाके से हुई। इसमें स्थानीय स्कूली विद्यार्थियों, सीआईएसएफ के जवानों, पुलिसकर्मियों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने जागरूकता और देशभक्ति से जुड़े नारे लगाकर साइबर सुरक्षा का संदेश दिया। दौड़ के समापन पर एसडीओपी अर्चना रावत और थाना प्रभारी बलराम राठौड़ ने साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी।

## मां ने बेटी को जीवनदान देने के लिए किया लीवर का 35% दान, सफल रहा 12 घंटे का प्रत्यारोपण

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सेमरी हरचंदः** कहते हैं कि मां अपने बच्चे के लिए हर कठिनाई का सामना कर सकती है। मिसरोद गांव में यह बात उस समय सच साबित हुई, जब 14 वर्षीय श्रेया गौर को दुर्लभ लीवर रोग से बचाने के लिए उसकी मां सुनीता गौर ने अपने लीवर का 35 प्रतिशत हिस्सा दान कर दिया। दिल्ली के एक अस्पताल में 12 घंटे तक चले सफल ऑपरेशन के बाद मां और बेटी दोनों स्वस्थ हैं। श्रेया के पिता ललित कुमार गौर अतिथि शिक्षक हैं। सीमित आय के बावजूद उन्होंने बेटी के इलाज के लिए हरसंभव प्रयास किए। समाज के लोगों और परिचितों के सहयोग से आवश्यक राशि जुटाई गई, जिसके बाद लीवर प्रत्यारोपण संभव हो सका।

## असेम्बली ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के जिलाध्यक्ष शुभम बगलाने का सम्मान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, खरगोनः** असेम्बली ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शुभम बगलाने का मंगलवार ओ सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पीराने जनसम्पर्क कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारों ने नव.नियुक्त जिलाध्यक्ष को पुष्प मालाएं पहनाकर बधाई दी। नए जिलाध्यक्ष ने कहा कि वे सभी पत्रकारों की समस्याओं को प्रशासन के सामने प्रमुखता से रखेंगे और संगठन को मजबूत बनाएंगे। पत्रकारो के हितों से समझौता नही किया जाएगा। पत्रकारों की एकता ही हमारी ताकत है। मेरा प्रयास रहेगा कि खरगोन के सभी पत्रकारों को सम्मान मिले और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष पुरोहित, शशिकांत शर्मा, रामेश्वर बड़ोले, आसिफ शेख, संदीप ठक्कर, संजय पाराशर, अमित भटोरे, कांतिलाल कर्मा, दिलीप पंचोली, सादिक शेख, करण चौहान, राजेश सागोरे, मोहन भालसे सहित सुमित सोलंकी, निलेश चौहान आदि ने खुशी जताते हुए बधाई दी।

## भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला कार्यसमिति घोषित

**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला कार्यसमिति की घोषणा कर दी गई है। मोर्चा के जिलाध्यक्ष संतोष टेकाम ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम, संभागीय संगठन मंत्री कांतदेव सिंह, जिला संगठन प्रभारी सुदर्शन गुप्ता तथा भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार की सहमति से नई कार्यसमिति घोषित की। घोषित कार्यसमिति में रोशनी इवने, मनोहरी परते, मनीष कुमरे, संजय धुर्वे, राजेश परते और मनोज उइके को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। कपिल प्रधान एवं रामप्रसाद (परसू) मर्सकोले को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं अनिल उइके, सहनवती कवड़े, जोहरी वाडिवा, परसराम बारस्कर, शक्ति गणपत धुर्वे और शशीकला धुर्वे को जिला मंत्री नियुक्त किया गया है। राधेश्याम उइके को कोषाध्यक्ष तथा निलेश कुमरे को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। सुनील अहाके को कार्यालय मंत्री और रामराव मोंगरे को सह कार्यालय मंत्री की जिम्मेदारी मिली है। संतोष भलावी को मीडिया प्रभारी, दीपशिखा कास्देकर को सह मीडिया प्रभारी, वीरेन्द्र बारस्कर को सोशल मीडिया प्रभारी तथा ब्रजेश धुर्वे को सह सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। नरेन्द्र उइके को नीति एवं शोध प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है।

# हिवरखेड़ पंचायत में वित्तीय अनियमितताएँ उपसरपंच ने की कलेक्टर से जांच की मांग

▸▸ स्टेशनरी के नाम पर करीब 71 हजार रुपये का भुगतान किया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, बैतूलः** विकासखंड प्रभात पट्टन की ग्राम पंचायत हिवरखेड़ में पंचायत निधि के कथित दुरुपयोग और फर्जी बिलों के जरिए लाखों रुपये के भुगतान का मामला सामने आया है। उपसरपंच डॉ. मीना गव्हाड़े ने बैतूल कलेक्टर को शिकायत सौंपकर वर्ष 2022-23 से 2025 तक पंचायत में हुए सभी भुगतानों और खरीदी की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में सरपंच विश्वनाथ धोटे पर स्टेशनरी, जेसीबी कार्य, पौधों की खरीदी, वेल्डिंग रिपेयर सहित विभिन्न मदों में फर्जी बिल लगाकर पंचायत निधि का दुरुपयोग करने के आरोप लगाए गए हैं। उपसरपंच का दावा है कि स्टेशनरी के नाम पर करीब 71 हजार रुपये का भुगतान किया गया, जबकि बिलों में दर्शाई गई सामग्री पंचायत कार्यालय में उपलब्ध नहीं है। वहीं जेसीबी मशीन के कार्यों के नाम पर भी कथित रूप से फर्जी बिलों के आधार पर भुगतान किए जाने का आरोप लगाया गया है।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि कई बिल बिना जीएसटी के लगाए गए तथा अन्य मदों में भी फर्जी भुगतान कर पंचायत निधि का दुरुपयोग किया गया। उपसरपंच ने आरोप लगाया कि पंचायत के खातों में पर्याप्त राशि होने के बावजूद विकास कार्य नहीं कराए जा रहे हैं, जिससे गांव की सड़कें जर्जर हैं और नालियों का गंदा पानी रास्तों पर बह रहा है।

डॉ. मीना गव्हाड़े ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत की नियमित बैठकें नहीं बुलाई जा रहीं और जनप्रतिनिधियों को बिलों व भुगतानों की जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, शिकायत में लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है। मामले की वास्तविक स्थिति जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

## पुलिस को चुनौती देने वाले बदमाश अमन लाला का निकाला जुलूस, सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाई



**नईदुनिया प्रतिनिधि, खंडवाः** सोशल मीडिया पर पिस्टल लहराकर पुलिस को चुनौती देने और लोगों को धमकाने के आरोप में गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर बदमाश अमन उर्फ अमन लाला का मंगलवार को कोतवाली और मोघट थाना पुलिस ने शहर में पैदल जुलूस निकाला। कार्रवाई के दौरान आरोपी ने कान पकड़कर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी और भविष्य में गुंडागर्दी नहीं करने की बात कही।

पुलिस के अनुसार, अमन लाला के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, जिनमें वह पिस्टल लहराते हुए पुलिस के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करता और खुद को कानून से ऊपर बताने की कोशिश करता दिखाई दे रहा था। एक अन्य वीडियो में वह कथित रूप से पुलिस वाहन को देखकर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग कर रहा था, जबकि एक वीडियो में मारपीट करते हुए नजर आया।

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने गिदवानी मार्केट क्षेत्र में एक युवक को पिस्टल दिखाकर धमकाया था। इस मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। इसके बाद कोतवाली और मोघट थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने खानशाहवली और इमलीपुरा क्षेत्र में उसका जुलूस निकाला। इस दौरान आरोपी कान पकड़कर लोगों के सामने माफी मांगता रहा और गुंडागर्दी छोड़ने की बात दोहराई।

पुलिस ने बताया कि आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड है तथा उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि शहर में कानून-व्यवस्था बिगाड़ने और आमजन में भय का माहौल बनाने वाले तत्वों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## रक्तदान पर मिल रहे बाबा ओंकारेश्वर के निःशुल्क वीआईपी दर्शन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, ओंकारेश्वरः** ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर मंदिर में आस्था और मानव सेवा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। जिला प्रशासन, मंदिर ट्रस्ट और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त पहल के तहत रक्तदान करने वाले श्रद्धालुओं को बाबा ओंकारेश्वर के निःशुल्क वीआईपी दर्शन की सुविधा दी जा रही है। 24 फरवरी से शुरू इस अभियान के तहत अब तक करीब 2600 यूनिट रक्त संग्रहित किया जा चुका है।

कलेक्टर ऋषभ गुप्ता के मार्गदर्शन में संचालित इस पहल के अंतर्गत रक्तदान करने वाले श्रद्धालुओं को प्रमाण पत्र दिया जाता है, जिसके आधार पर मंदिर ट्रस्ट निःशुल्क वीआईपी दर्शन पास उपलब्ध कराता है। संग्रहित रक्त को खंडवा मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा जाता है। इसका उपयोग सड़क दुर्घटना पीड़ितों, कैंसर मरीजों, ऑपरेशन और अन्य गंभीर रोगियों के उपचार में किया जा रहा है। प्रशासन के अनुसार इस अभियान से न केवल खंडवा जिले में रक्त की कमी दूर हुई है, बल्कि खरगोन, बुरहानपुर, बैतूल और हरदा सहित आसपास के जिलों की जरूरत भी पूरी हो रही है। मांधाता विधायक नारायण पटेल और खंडवा विधायक कंचन मुकेश तन्वे ने इस पहल को जनसेवा का प्रेरणादायी उदाहरण बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने की अपील की है।

## पोर्टल पर दर्ज नहीं हुआ छात्रा का नाम निजी स्कूल पर लापरवाही का आरोप

**देवरी कलां।** देवरी विकासखंड के एक निजी विद्यालय की कथित लापरवाही से पांचवीं कक्षा की छात्रा का नाम शिक्षा विभाग के पोर्टल पर दर्ज नहीं होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने मामले की शिकायत शिक्षा विभाग से कर छात्रा का रिकॉर्ड शीघ्र सुधारने की मांग की है। ग्राम बिछुआ भवतरा निवासी मुकेश काछी ने बताया कि उनकी पुत्री नबी काछी का प्रवेश नर्सरी में देवरी स्थित मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल में कराया गया था। छात्रा लगातार इसी विद्यालय में अध्ययनरत है और नियमित रूप से फीस भी जमा की जा रही है। परंतु शिक्षा विभाग के पोर्टल पर उसका नाम प्राथमिक शाला बिछुआ भवतरा में दर्ज दिखाई दे रहा है। परिजनों का कहना है कि विद्यालय में लगातार पढ़ाई और फीस जमा करने के बावजूद छात्रा का नाम संबंधित निजी स्कूल के पोर्टल पर अपडेट नहीं किया गया। उनका आरोप है कि कई बार स्कूल प्रबंधन से संपर्क करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। परिजनों के अनुसार, पोर्टल पर रिकॉर्ड सही नहीं होने से छात्रा के कक्षा 6 में प्रवेश, छात्रवृत्ति तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ मिलने में कठिनाई आ सकती है। मुकेश काछी ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) और जिला शिक्षा अधिकारी से मामले की जांच कर छात्रा का रिकॉर्ड शीघ्र सही कराने की मांग की है। हालांकि, इस संबंध में मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका है। मामले की वास्तविक स्थिति शिक्षा विभाग की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

## मेहगांव में छात्राओं को साइबर सुरक्षा का पाठ टीआई ने दिए ऑनलाइन ठगी से बचाव के टिप्स



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भिण्डः** मध्यप्रदेश पुलिस के 'सेफ क्लिक 2.0' साइबर जागरूकता अभियान के तहत थाना मेहगांव पुलिस ने मंगलवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मेहगांव में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा ने छात्राओं और विद्यालय स्टाफ को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के उपाय बताए।

उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे में किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने, ओटीपी साझा करने, सोशल मीडिया पर निजी जानकारी देने तथा निवेश के नाम पर मिलने वाले लुभावने संदेशों पर बिना जांच-परख के भरोसा नहीं करना चाहिए।

कार्यक्रम में छात्राओं को ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी लिंक, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया अपराध, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश योजनाओं और बैंकिंग धोखाधड़ी समेत विभिन्न साइबर अपराधों की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। निरीक्षक रविन्द्र शर्मा ने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय जागरूकता और सतर्कता है। उन्होंने छात्राओं से स्वयं सजग रहने और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान 'सावधानी ही सुरक्षा है' और 'रुको, सोचो, फिर कार्रवाई करो' का संदेश भी दिया गया।

## ई-अटेंडेंस की सख्ती के विरोध में शिक्षकों का ज्ञापन क्रमोन्नति और डीए एरियर की भी उठाई मांग



**नईदुनिया प्रतिनिधि, दमोहः** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, जिला दमोह ने शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं तथा ई-अटेंडेंस संबंधी नए निर्देशों के विरोध में जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। संघ ने ई-अटेंडेंस नहीं लगाने पर वेतन रोकने के प्रावधान को व्यावहारिक परिस्थितियों के विपरीत बताते हुए इसमें संशोधन की मांग की है।

संघ ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय के 1 जुलाई 2026 के आदेश में ई-अटेंडेंस नहीं लगाने पर वेतन आहरित नहीं करने तथा संकुल प्राचार्यों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षक संघ का कहना है कि दुर्घटना, पारिवारिक आपात स्थिति, मोबाइल खराब या गुम होना, इंटरनेट सुविधा का अभाव, डेटा समाप्त होना तथा वर्षाकाल में बाढ़ जैसी परिस्थितियों के कारण कई बार शिक्षक समय पर ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं कर पाते। ऐसे मामलों में वेतन रोकना उचित नहीं है।

शिक्षक संघ ने मांग की कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए संकुल, विकासखंड और जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं तथा सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के बाद ही ई-अटेंडेंस व्यवस्था को पूर्ण रूप से लागू किया जाए।

संघ ने एक अन्य ज्ञापन में प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों की 12 और 24 वर्षीय क्रमोन्नति, सहायक एवं उच्च श्रेणी शिक्षकों के 35 वर्षीय समयमान वेतनमान के आदेश शीघ्र जारी करने, विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र समय पर स्कूलों तक पहुंचाने तथा 55 से 58 प्रतिशत महंगाई भत्ते (डीए) के एरियर का भुगतान कराने की मांग भी की।

इस दौरान नवागत जिला शिक्षा अधिकारी सत्यम चौरसिया का शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने पुष्पमालाओं से स्वागत किया। उन्होंने संघ के साथ समन्वय और सहयोग से कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम में शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार सेन, जिला सचिव महेश कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 100 प्रतिशत मूंग खरीदी की मांग पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**सेमरी हरचंद।** किसानों की मूंग की 100 प्रतिशत समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग को लेकर मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सेमरी हरचंद के पीपल चौक पर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के कृषि मंत्री का प्रतीकात्मक पुतला फूंककर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि क्षेत्र में मूंग की बंपर पैदावार होने के बावजूद किसानों की पूरी उपज समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदी जा रही है। इससे किसानों को मजबूरी में अपनी फसल कम कीमत पर बेचनी पड़ रही है। उन्होंने सरकार से सभी किसानों की मूंग की शत-प्रतिशत समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की। पुतला दहन की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आग बुझा दी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।

## खेजराधाम में महाकाल वाटिका का शुभारंभ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, बांदरीः** खेजरादुगाहा स्थित भगवान महाकाल मंदिर परिसर में पर्यावरण संरक्षण और जनजागरण की दिशा में महाकाल वाटिका का शुभारंभ किया गया। जय श्री महाकाल जनकल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर गुरु पूर्णिमा पर 2500 फलदार, पुष्पीय और औषधीय पौधे लगाने का संकल्प भी लिया गया।

कार्यक्रम का आयोजन भगवान महाकाल मंदिर के संयोजक पं. महेश नारायण तिवारी के जन्मदिवस के अवसर पर किया गया। पं. तिवारी ने कहा कि महाकाल वाटिका विकसित होने के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण के साथ प्रकृति की शीतल छांव भी मिलेगी। मंदिर के पुजारी हिमांशु तिवारी ने बताया कि महाकाल वाटिका के लिए मंदिर परिसर में लगभग पांच एकड़ भूमि निर्धारित की गई है। कार्यक्रम में मंदिर समिति अध्यक्ष महेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र हजारी, रामलखन तिवारी, रिंकू गौर, किशन राठौर, जयसिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

# हत्या के मामले में आजीवन कारावास प्राप्त पैरोल से फरार आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, तेंदूखेड़ाः** पुलिस ने हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा प्राप्त और पैरोल अवधि समाप्त होने के बाद फरार चल रहे आरोपी को महाराष्ट्र से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार, थाना तेजगढ़ क्षेत्र के हत्या प्रकरण में न्यायालय ने झलौन निवासी दशरथ अहिरवार पिता धनुआ अहिरवार (41) को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। आरोपी को वर्ष 2019 में पैरोल पर रिहा किया गया था, लेकिन पैरोल अवधि पूरी होने के बाद वह वापस जेल नहीं लौटा और फरार हो गया। इसके बाद उसके खिलाफ उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा स्थायी वारंट जारी किया गया था।

पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगी के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई। एसडीओपी तेंदूखेड़ा अर्चना अहीर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी की तलाश शुरू की।

जांच के दौरान आरोपी की लोकेशन महाराष्ट्र के उस्मानाबाद जिले के अंबी गांव में मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को दमोह लाकर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे पुनः जेल भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में एसडीओपी अर्चना अहीर, थाना प्रभारी तेंदूखेड़ा सरोज ठाकुर, नगर निरीक्षक रावेंद्र बागरी सहित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**खरगोन।** शहर से गुजर रहे चित्तौड़गढ़-भुसावल हाईवे स्थित भोंगानाला के समीप एक युवक सड़क हादसे में गंभीर रुप से जख्मी हो गया। 112 से जिला अस्पताल में लाने के बाद उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। यह हादसा सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे हुआ।

अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी अनुसार मृतक की शिनाख्त दीपक पिता महेश गांगले निवासी इंदिरा नगर खरगोन के रुप में की गई। पुलिस के मुताबिक रात करीब 3 बजे उसे 112 से गंभीर घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया था।

दीपक को सर्जिकल वार्ड में भर्ती कराया गया था, लेकिन मंगलवार सुबह करीब 9 बजे वह सर्जिकल वार्ड से कुछ दूर सीटी स्कैन सेंटर के समीप एक टेबल पर मृत अवस्था में मिला। मृतक की मौत की सूचना परिजनों को दी गई। परिजन इंदौर में होने से उनके अस्पताल पहुंचने के बाद पीएम कराया गया।

## आस्था ग्राम ट्रस्ट को मुंबई की कंपनी का 7 लाख का दान, बच्चों में स्किल डेवलपमेंट को देंगे बढ़ावा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, खरगोनः** कलेक्टर भव्या मित्तल की पहल पर शहर के आस्था ग्राम ट्रस्ट को मुंबई की एक कंपनी से बड़ा आर्थिक सहयोग मिला है। वीआईपी इम्पैक्ट सेंटर के शिव कुमार ने ट्रस्ट को 7 लाख रुपये का दान दिया है। इस राशि से यहां निवासरत बच्चों को कम्प्यूटर कौशल में दक्षता देने का प्रयास किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ट्रस्ट में मूकबधिर, मंदबुद्धि, नेत्रहीन सहित निराश्रित बच्चे निवासरत है। इन बच्चों का पालन. पोषण सामाजिक मदद से किया जा रहा है।

कलेक्टर भव्या पटेल ने जिले में पदस्थी के बाद यहां कई सुविधाएं जुटाने में मदद की। शैक्षणिक सुविधाओं के साथ आधुनिक संसाधन एवं बुनियादी सुविधाएं जनसहयोग से उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर की पहल पर उनके सहपाठी वीआईपी इम्पेक्ट सेंटर मुंबई की अंतराष्ट्रीय कम्पनी की ओर से मदद करने पहुंचे। मंगलवार को कम्पनी के एमडी शिव कुमार ने 7 लाख का चेक दान स्वरूप दिया। श्री कुमार ने कहा इस राशि का उपयोग ट्रस्ट में रह रहे बच्चों के स्किल डेवलपमेंट और शिक्षा के लिए किया जाएगा। इससे बच्चे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। ट्रस्ट प्रबंधन ने बताया कि दान से बच्चों को कंप्यूटर प्रशिक्षण, सिलाई, ब्यूटी पार्लर और अन्य रोजगार मूलक प्रशिक्षण दिए जा रहे है। साथ ही पढ़ाई में मदद के लिए किताबें और स्टेशनरी भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

कलेक्टर भव्या मित्तल ने बताया कि उनका प्रयास है कि आस्था ग्राम में रहने वाले बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ा जाए। इसके लिए कॉरपोरेट कंपनियों और समाजसेवियों से सहयोग मांगा जा रहा है। वीआईपी इम्पैक्ट सेंटर ने इस पहल पर सकारात्मक जवाब देते हुए 7 लाख रुपये का सहयोग दिया। दान राशि ट्रस्ट को चेक के माध्यम से सौंपी गई। इस दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारी, वीआईपी इम्पैक्ट सेंटर के अधिकारी मौजूद रहे। आस्था ग्राम ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कलेक्टर और दानदाता कंपनी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस सहयोग से ट्रस्ट में नए कौशल केंद्र शुरू किए जाएंगे।

## अपर मुख्य सचिव ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**छतरपुर।** अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य एवं चिकित्सा) अशोक वर्णवाल ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर पार्थ जैसवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम प्रशांत अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

अपर मुख्य सचिव ने अस्पताल में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दवाइयों की उपलब्धता की समीक्षा की तथा मरीजों और उनके परिजनों के लिए पर्याप्त एवं व्यवस्थित बैठने की व्यवस्था करने को कहा।